वी.यू. अंतर्गत 19 वें राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस पर मत्स्य पालन प्रक्षेत्र पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मत्स्य पालकों को निःशुल्क मत्स्य बीजों का वितरण कार्यक्रम

आज दिनाँक 10.07.2020 दिनः शुक्रवार को प्रतिवर्षानुसार 19 वें मत्स्य कृषक दिवस नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये मत्स्य बीज वितरण कार्यक्रम सांकेतिक रूप में आयोजित किया गया। जिसमें 05 किसानों (2 प्रगतिशील मत्स्य कृषकों, 03 फार्मर फर्स्ट परियोजना के मत्स्यपालकों +1 स्वास्थ्य विभाग) को उन्नत किस्म के मत्स्य बीजों का वितरण निःशुल्क मुख्य अतिथि माननीय कुलपति डॉ. एस.पी तिवारी जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में महाकौशल अंचल में मछली पालन की अपार संभवनाओं के साथ किसानों व मत्स्यपालकों की में आय वृद्धि दुगुनी होने की क्षमता को देखते हुए तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वप्न एवं लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के उद्‌देश्य को साकार रूप प्रदान करने हेतु आयोजन किया गया है।

इस पूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन में अधिष्ठाता संकाय, डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, वि.वि. के संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, जिला स्वस्थ्य विभाग, डॉ. अजय कूरील, संचालक बायोटेक्नोलॉजी, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. एस.के. महाजन, प्रभारी मत्स्य प्रक्षेत्र, श्री शिवमोहन सिंह द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के फार्मर फर्स्ट परियोजना के डॉ. ए.के.गौर, प्रमुख अन्वेषक, श्री देवेश उपाध्याय, एस.आर.एफ, श्री विजय चौकसे एवं आशीष यादव, क्षेत्र सहायक, श्री ट्विंकल रैकवार, कार्यालय सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, प्रेस एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण तथा मत्स्य पालन प्रक्षेत्र के समस्त कर्मचारीगणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रर्दशन डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)